प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'छत्तीस'

[29/3/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 7610]

परिशिष्ट "I"

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

इंदौर

-: समाचार विज्ञप्ति :-

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापकों के 1646 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी

इंदौर, 09.07.2014 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के 1646 पदों हेतु आज विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 21.07.2014 से 20.08.2014 तक एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से जमा किए जाएंगें। ।

उक्त विज्ञापन में कुल 19 विषयों के 742 बैकलाग पदों तथा 904 गैर बैकलाग पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। उक्त विज्ञापन "मध्य प्रदेश शैक्षणिक सेवा (महाविद्यालयीन शाखा) भरती नियम 1990" यथा संशोधित संशोधन दिनांक 14.08.2003 तथा 28.06.2008 के अनुसार जारी किया जा रहा है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2010 का अनुपालन उक्त भरती नियम की सीमाओं में होगा।

"मध्य प्रदेश शैक्षणिक सेवा (महाविद्यालयीन शाखा) भरती नियम 1990" के नियम क्रमांक 11 के उपनियम -8 के प्रावधान के अनुसार मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के अतिथि विद्वानों को उनके कार्यानुभव के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर अधिकतम 20 अंकों के अधिभार तथा अधिकतम 5 वर्षों की आयु सीमा में छूट की व्यवस्था प्रावधानित की गयी है।

विज्ञापन में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के आदेश क्रमांक एफ 1-118/2012/38-1 यथा संशोधित समसंख्यक आदेश दिनांक 02.07.2014 द्वारा निर्धारित सह विषयों में स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों को संबन्धित मूल विषय हेतु आवेदन की पात्रता इस शर्त के साथ दी गयी है की उन्होंने स्नातक स्तर पर मूल विषय का अध्ययन किया हो।

निम्न विषयों में नेट/स्लेट आयोजित नहीं होती है अतः इन विषयों के संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के आदेश क्रमांक एफ 1-118/2012/38-1

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
उच्च शिक्षा विभाग

दिनांक 11.06.2014 में मान्य नेट/स्लेट विषयों की जानकारी भी विज्ञापन में निम्नानुसार शामिल की गयी है :-

क्र.	विषय	मान्य विषय	पात्रता परीक्षा
1	भौतिक शास्त्र	Physical Sciences	CSIR UGC NET
2	रसायन शास्त्र	Chemical Sciences	CSIR UGC NET
3	प्राणी शास्त्र	Life Sciences	CSIR UGC NET
4	वनस्पति शास्त्र	Life Sciences	CSIR UGC NET
5	गणित	Mathematical Sciences	CSIR UGC NET

विज्ञापन में यह जानकारी भी सम्मिलित की गयी है कि 1 जून 2009 के पश्चात एम.फिल./ पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को एम.फिल./ पी.एच.डी. का लाभ तभी देय होगा यदि उन्होंने "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल./ पी.एच.डी. उपाधि के लिए न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया) नियमन 2009" के अनुसार एम.फिल./ पी.एच.डी. की हो या मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के परिपत्र क्रमांक 91/सीसी/12/अड़तीस दिनांक 16.01.2012 में प्रावधानित आवश्यक कोर्स वर्क पूर्ण किया हो । ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व प्रेषित किए जाने वाले अभिलेखों के साथ तत्संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

विस्तृत विज्ञापन रोजगार और निर्माण समाचार पत्र के दिनांक 14.07.2014 के अंक में प्रकाशित किया जाएगा तथा आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com पर उपलब्ध है।

आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर शुल्क का नगद भुगतान करके जमा कर सकते है। आवेदक क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड के साथ ही नेट बैंकिंग द्वारा भी घर बैठे शुल्क भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है।

सचिव

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन,

उच्च शिक्षा विभाग